हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–137 : जौनपुर, सोमवार 18 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तीन करोड़ 18 लाख तिरंगे फहराएंगे : 11 से 17 अगस्त तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' का आयोजन –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में तीन करोड़ 18 लाख तिरंगे 13 से 15 अगस्त के बीच फहराए जाएंगे। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएम इस कार्यक्रम को लेकर हुई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए। सीएम ने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। 31 जुलाई तक जिला मुख्यालयों परतिरंगे भेज दिए जाएंगे। दो करोड़ 68 लाख तिरंगे घरों में लगाए जाएंगे। 50 लाख तिरंगों को प्रदेश में सरकारी कार्यालयों, गैर–सरकारी कार्यालयों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों में फहराया जाएगा। एक झंडा गीत 'जयघोष' प्रदेश ने तैयार किया है। फहराए जाने वाले तिरंगों में से एक करोड़ 18 लाख तिरंगे स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ, निजी सिलाई केंद्रों के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। यह रहेगा कार्यक्रम गृह मंत्री ने कहा कि पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव को नए तरीके से मनाने का विजन दिया है। भारत सरकार द्वारा तिरंगे की उपलब्धता की



पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। 11 से 14 अगस्त तक स्कूलों में प्रभात फेरी होगी। 13 अगस्त को लोग अपने घर में झंडा फहराकर अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। युवा पीढ़ी को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने तथा देश की सुरक्षा एवं समृद्धि से जोड़ने की सबकी जिम्मेदारी है।

## श्रावण मास के पहले सोमवार पर उमडा शिव भक्तों रेला : गौरी शंकर मंदिर सुजानगंज में जलाभिषेक करते भक्त

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : सुजानगंज क्षेत्र के गौरीशंकर धाम पर श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव भक्तों की दर्शन करने के लिए लगी रही भीड़।भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा लगी रही लम्बी कतार अपनी पारी का करते रहे इंतजार सुबह 5 बजे मंदिर का दरवाजा खुलते ही लोग हर हर महादेव का जयकारा लगते हुए लाइन में लगे ।श्रद्धालुओं ने शिव जी को जल, बेलपत्र, धतूर, गाय का दूध, भांग, काला, तिल, गंगा जल, नीलकंठ और पुष्प अर्पित कर भक्ति के साथ पूजा अर्चना की। वहीं पर इलाहाबाद से गंगा जल लेकर आये कावरियों ने हर हर महादेव व बोल बम का नारा लगाते हुए मंदिर का चक्कर लगाते हुए जलाभिषेक किये । मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिए एक प्लाटून सी आर पी एफ, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य विभाग की टीम व क्षेत्राधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सुजानगंज, साथ ही साथ थानाध्यक्ष सुजानगंज अपने सुरक्षा



बल के साथ भ्रमण करते हुए नजर आये सहित कई थानों के सिपाही एवं महिला सिपाही, उपनिरीक्षकों की तैनाती रही।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## खाद्य विभाग की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

जलालपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी (: थाना क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर पर सावन मास के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. तूलिका शर्मा के नेतृत्व में उनकी



टीम ने शिव मंदिर परिसर के ईद–गिर्द लगने वाले खाने–पीने वाले समाग्री में रंग का प्रयोग नही करने का निर्देश दिया।उन्होने दुकानदारों से खाने–पीने वाले समाग्री को ढ़ककर रखने का आग्रह किया व पॉलीथिन का प्रयोग नही करने की चेतावनी दिया।उन्होने यह भी बताया कि यह अभियान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता,शुद्घता,स्वच्छता तथा रख–रखाव करने हेतु चलाया जा रहा है।खाद्य सुरक्षाअधिकारी को मेले में अचानक देखकर हड़कंप मच गया।उन्होने सभी व्यापारीयों से अपनी–अपनी दुकानों पर लाइसेन्स लगाने का आदेश दिया।

## शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के विपरीत किये गये स्थानान्तण को निरस्त कराने की मांगं

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : मुख्य सचिव की अध्यक्षता मे गठित समिति ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नही की। कर्मचारी जबरन कार्यमुक्त किये जा रहे है। इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) को शिकायत मिली है कि उ0प्र0 शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के विपरीत समूह ''ग'' के तथा डाक्टरो के भरी संख्या में स्थानान्तरण कर दिये गये है। राज्य कमचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री द्वारा मा0 उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक को दो बार ज्ञापन दिये गये थे उन्होने महानिदेशक स्वास्थ को निर्देश दिये गये थे कि अनियमित स्थानान्तरण को निरस्त करें परन्तु महानिदेशक द्वारा सभी मामले शासन को भेज दिये गये जिसपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी जिसपर दो दिन मे मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट मांगी थी परन्तु कमेटी ने भी संभवतः अभी तक रिपोर्ट नही दी है जानकारी में आया है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों कों कार्यमुक्त किया जा रहा है और मकान खाली करने को कहा जा रहा है। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी0पी मिश्र ने खेद व्यक्त किया है कि ऐसे कर्मचारियो के मामले है जिन्होने जान की बाजी लगाकर कोविड–19 महामारी में मरीजो की जान बचाई थी बहुत से कर्मी स्वय अपनी जान गंवा बैठे थे। ऐसे कर्मचारियो के साथ इस प्रकार का व्यवहार कदापि उचित नही कहा जा सकता है। इस समस्या मे स्वास्थ विभाग के सभी कर्मचारी संगठन आन्दोलन भी करने जा रहे है। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के विश्रद्ध किये गये स्थानान्तरणें को तत्काल निरस्त कराएं, जिससे कि स्सवास्थ विभाग के कर्मचारियों का मनोबल बढ़े और चिकित्सालय ठीक से कार्य कर सके । मिश्र ने यह भी मांग की है कि 1 जनवरी 2022 से देय मंहगाई भत्ते की किस्त का भी तत्काल भुगतान करायें क्योंकि भीषण मंहगाई से कर्मचारी परिवार अत्यधिक प्रभावित है।

## श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर त्रिलोचन महादेव मन्दिर जलालपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा संयुक्त रुप से श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर जनपद में स्थित त्रिलोचन महादेव मन्दिर जलालपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं हेतु किये गये व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मंदिर पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगे पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मंदिर के प्रांगण की नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिए और उप जिलाधिकारी माज अख्तर को निर्देशित किया कि त्यौहार के दृष्टिगत मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय और बिजली, पानी, मोबाइल शौचालय की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने प्लास्टिक के प्रतिबंधित के दृष्टिगत उपयोग न किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के गाइडलाइन का पालन अवश्य किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मंदिर परिसर में बने तालाब का भी जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा



की तालाब की साफ–सफाई की विशेष ध्यान रखा जाए, तालाब के जल की शुद्धता बनी रहे और तालाब में किसी प्रकार की गंदगी न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा मंदिर के आने जाने वाले मार्ग कि बैरिकेडिंग कर दी जाए जिसमें दार्शनिकध्श्रद्धालुओ को एक तरफ आने एवं एक तरफ जाने में सुविधा हो और किसी प्रकार की समस्या न हो।

## सर्विलांस सेल ने बरामद किया जनता के खोये 111 स्मार्ट मोबाइल फोन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : पुलिस आयुक्त पश्चिमी जोन डॉ एस0 चन्नप्पा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जेन



टीम के द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरुप 111 अदद गुमशुदा स्मार्ट मोबाइल फोन प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं देश के अन्य प्रांतों से बरामद किए गए हैं। जिन्हें उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को पुलिस उपायुक्त पश्चिमी महोदय द्वारा प्रदान किया गया । अपने खोए हुए मोबाइल फोन को प्राप्त कर मोबाइल धारकों व आम जनमानस द्वारा सर्विलांस टीम पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन को की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। खोये हुए कुल 111 आदद स्मार्टफोन की बाजार कीमत 16:30 लाख रुपए बताई गई ।निरीक्षक श्री राजदेव प्रजापति, उ0 नि0 कर्ण प्रताप सिंह, विनय सिंह, गोविंद ,नाहर सिंह ,आशीष कुमार कुशवाहा, नवीन प्रताप सिंह सर्विलांस सेल ,पुलिस उपायुक्त पश्चिमी

## ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी प्रकरण में सुनवाई जारी : जिला जज की कोर्ट में हिंदू पक्ष कर रहा बहस

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में आज सुनवाई हो रही है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन और अन्य विग्रहों के संरक्षण के मामले को लेकर सुनवाई जारी है। हिंदू पक्ष की ओर अदालत में दलील पेश की जा रही है। 15 जुलाई को भी इस मामले की कोर्ट में सुनवाई हुई थी, जिसमें हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णुशंकर जैन ने दलील पेश की थी। अभी तक इस मामले में पहले मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजमिया मसाजिद कमेटी की तरफ से 51 बिंदुओं पर दलील दी जा चुकी है। फिर चार अन्य वादियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णुशंकर जैन ने दलील पेश की। आज वादी राखी सिंह की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता मानबहादुर सिंह और शिवम गौड़ कोर्ट में दलील पेश कर रहे हैं। बता दें कि श्रृंगार गौरी के दर्शन के लिए पांच महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सुनवाई जिला जज कर रहे हैं। कोर्ट जब यह निर्णय करेगा कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं तब दर्शन किए जाने संबंधी वाद के सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछली सुनवाई पर हुई थी जोरदार बहस बीते मंगलवार को मुस्लिम पक्ष ने अपनी बहस पूरी की थी। दावा किया था कि श्रृंगार गौरी



प्रकरण सुनवाई योग्य नहीं है। इस मुकदमे को खारिज किया जाना ही न्यायसंगत होगा। जबकि, हिंदू पक्ष ने बहस शुरू करते हुए कहा था कि श्रृंगार गौरी प्रकरण हर हाल में सुनवाई योग्य है। कहीं नमाज पढ़ने मात्र से वह जगह मस्जिद नहीं हो जाती है। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी और अन्य ग्रहों के नियमित दर्शन पूजन मामले की पोषणीयता पर बीते शुक्रवार को जोरदार बहस हुई थी। सुनवाई में हिंदू पक्ष ने अपनी दलील दी और कहा कि वक्फ बोर्ड देश की सरकारी संपत्तियों को इसी तरह कई जगहों पर कब्जा कर रहा है और हिंदू सो रहे हैं। हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने अदालत में कहा कि ज्ञानवापी को वक्फ संपत्ति घोषित करना बहुत बड़ा षडयंत्र है और जनता को गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकार का अतिक्रमण किया गया। वर्ष 1993 से पूर्व ब्यास जी तहखाने में और जगह–जगह पर पूजा करते थे। दलील में कहा कि ऑर्डर 7 रूल 11 के आवेदन में जो बात कही गई है, उसी पर कोर्ट विचार करेगी, इसके इतर विपक्षी जो भी बात कहेंगे उस पर विचार का कोई औचित्य नहीं है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के कारण टला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने मियांपुर स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकारिणी की बैठक कर अवगत कराया कि पूर्व में दिनांक 11 जुलाई को कृषि भवन सभागार में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशनध्चुनाव 03 अगस्त को कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था लेकिन 04 अगस्त को त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित हो जाने के कारण अब चुनाव आचार संहिता के चलते पूर्व निर्धारित तिथि पर द्विवार्षिक अधिवेशन कराना संभव नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी से वार्ता के क्रम में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को देखते हुए अधिवेशन को स्थगित किआ जाता है और अगली सूचना प्रान्त से वार्ता के उपरांत घोषित की जाएगी। अध्यक्ष श्री राकेश ने बताया कि जनपद में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े समस्त घटक संवर्गों के पदाधिकारी 31 जुलाई तक अपने विभागीय संगठन के लेटर पैड पर वर्तमान निर्वाचित अध्यक्षध्मंत्री एवं पर्यवेक्षक का नाम लिखकर निर्धारित वार्षिक शुल्क के साथ मियांपुर स्थित कैंप कार्यालय पर जमा करेंगे,जिसका उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। दिनांक 20 जुलाई से 31 जुलाई तक कर्मचारी जागरण हेतु जिला अध्यक्ष जी के नेतृत्व में जनपदीय पदाधिकारी परिषद से जुड़े विभिन्न विभागों का दौरा भी करेंगे। सभी विभागों से पदाधिकारियों की सूची एवं सहयोग राशि मिलने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा तथा द्विवार्षिक अधिवेशन की तिथि एवं स्थान की



घोषणा की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा 03 प्रतिशत महंगाई भत्ता अभूतपूर्व रूप से अभी तक घोषित न किए जाने पर उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर शीघ्र ही सत्याग्रह आंदोलन शुरू करने की बात कही। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सी.बी. सिंह ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने वाले चौथे राज्य झारखंड के मा.मुख्यमंत्री जी सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दिया तथा उत्तर प्रदेश में भी लोकसभा चुनाव के पूर्व पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की संभावना व्यक्त किया। कैंप कार्यालय की बैठक में जिला मंत्री चंद्रशेखर सिंह, जिला संप्रेक्षक सभाजीत यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं बेचन मिश्र, संघर्ष समिति के चेयरमैन डॉ प्रदीप सिंह, कोषागार के अध्यक्ष दयाराम गुप्ता,कृषि विभाग के शरद पटेल, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव आदि उपस्थित रहे।

## सेवापुरी विधायक द्वारा राष्ट्रपति चुनाव–2022 में मतदान कर निभाई गयी अपनीं जिम्मेंदारी

वाराणसी डीकेयू ब्यूरो : सेवापुरी बीजेपी सीट से निर्वाचित विधायक नीलरतन पटेल जो कि विगत कई दिनों पूर्व अपनें खराब स्वास्थ्य के



कारण चिकित्सा हेतु उ0प्र0 से बाहर केरल प्रदेश गये हुए है। उनके द्वारा आज राष्ट्रपति चुनाव–2022 में अपनीं सहभागिता सुनिश्चित किये जानें हेतु केरल राज्य के विधानसभा त्रिवेंद्रम में मतदान कर भारत के महान लोकतंत्र को सशक्त बनानें में अपनीं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी,जिससे क्षेत्रिय जन मानस में इस बात की जन–चर्चा एवं खुशी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है लेकिन अच्छा स्वभाव उन्हें आजीवन निभा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# मानसून सत्र में मुद्दे : 24 विधेयक होंगे पेश

पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार बिना बहस के विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने से सरकार को ही फायदा मिलता है।

संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है, जो आगामी 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र में केंद्र सरकार 24 विधेयक पेश करने वाली है। इसमें वन संरक्षण संशोधन विधेयक, ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक, परिवार अदालत संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय रेल परिवहन संस्थान को गतिशक्ति विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने संबंधी विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा, सरकार चार ऐसे विधेयक भी पेश करेगी, जिस पर संसद की स्थायी समितियों ने विचार किया है। जबकि विपक्ष की योजना है कि सरकार को जवाबदेह बनाया जाए और मुद्दों पर बहस हो।

पिछले कुछ सत्रों से देखा जा रहा है कि विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार बिना बहस के विधेयकों को पारित करवा लेती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने से सरकार को ही फायदा मिलता है। इस मानसून सत्र में कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष संसद में उठाना चाहेगा, जिनमें खाद्य पदार्थों की महंगाई, ईंधन की कीमतों में वृद्धि, अग्निपथ योजना, चीन के साथ गतिरोध का मुद्दा, पहली बार देश में डिजिटल मीडिया को विनियमित करने के लिए लाए जाने वाले नए कानून आदि शामिल होंगे। पिछले बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 129 फीसदी और राज्यसभा में 98 फीसदी कामकाज हुआ था।

लेकिन मानसून सत्र से ठीक पहले देश के प्रधान न्यायाधीश ने चिंता जताई है कि विपक्ष की जगह सिमट रही है। यह किसी भी संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छी खबर नहीं है। पिछले दिनों जो घटनाएं हुई हैं, उनसे दो चीजें पता चलती हैं। वैसे तो भाजपा का रवैया पहले से ही आक्रामक रहा है, लेकिन हालिया घटनाओं से स्पष्ट है कि वह विपक्ष के प्रति और आक्रामक हो गई है। जबकि विपक्ष और भी कमजोर होता जा रहा है तथा उसकी जगह लगातार सिकुड़ती जा रही है। इसलिए लगता है कि संसद का यह सत्र हंगामेदार रहने वाला है। इसी सत्र में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव भी होंगे, जिनमें भाजपा हावी रहेगी।

संसद सत्र के पहले दिन ही राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होगा और यह लगभग पक्का है कि द्रौपदी मुर्मू अच्छे मतों के साथ राष्ट्रपति चुनी जाएंगी। एक आदिवासी महिला का देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें यह नहीं मालूम कि इससे आदिवासियों की जिंदगी में कितना फर्क आएगा, लेकिन उनके मन में यह भावना पैदा हो सकती है कि मैं भी देश के सबसे शीर्ष पद को हासिल कर सकता या कर सकती हूं। भाजपा ने सोची–समझी रणनीति के तहत राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना। हिंदी भाषी प्रदेश और पश्चिमी भारत भाजपा के गढ़ हैं। हिंदी पट्टी और पश्चिमी भारत में जो सात–आठ राज्य आते हैं, वहां आदिवासियों की बड़ी संख्या है। भाजपा को लगता है कि पिछले दस वर्षों में उसके खिलाफ जो थोड़े–बहुत सत्ता–विरोधी रुझान पैदा हुए होंगे, उसकी भरपाई आदिवासी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने से हो जाएगी। दूसरी बात यह है कि द्रौपदी मुर्मू संथाल हैं और भाजपा की नजर पूर्वी राज्यों–ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड पर है, जहां संथालों की बड़ी आबादी रहती है। इसलिए भाजपा चाहती है कि संथाल मतदाता विपक्ष के खेमे से निकल कर भाजपा के पाले में आएं।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान छह को होगा, और उसमें अलग ही समीकरण काम कर रहा है। राजग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किया है, जो जाट समुदाय से आते हैं और मूलतः राजस्थान से ताल्लुक रखते हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में जाटों की बड़ी आबादी रहती है। किसान आंदोलन के दौरान जाट समुदाय के बहुत से लोग भाजपा से विमुख हो गए थे, जिन्हें फिर से भाजपा अपने खेमे में लाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की नजर अब राजस्थान पर है। पिछले दिनों की घटनाओं के आधार पर भाजपा को लगता है कि वह फिर से राजस्थान में जीत सकती है, क्योंकि हिंदू मतदाताओं का ध्रुवीकरण हो सकता है। धनखड़ का जाट और राजस्थानी होना उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाने का प्रमुख कारण हो सकता है। इसके अलावा तीसरी बात यह है कि जगदीप धनखड़ ममता बनर्जी के प्रति काफी आक्रामक राज्यपाल के तौर पर नजर आए थे। भाजपा को लग रहा होगा कि अगर वह राज्यसभा के सभापति बनते हैं, तो विपक्ष को भी आड़े हाथों ले सकते हैं। इन्हीं वजहों से भाजपा ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर चुना है।

लेकिन जिस तरह से भाजपा ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनकर एक राजनीतिक संदेश दिया है कि वह क्या करना चाहती है, विपक्ष वैसा नहीं कर पाया। विपक्ष अपने प्रत्याशी चयन के जरिये न तो कोई खास राजनीतिक संदेश दे पाया और न ही विपक्षी दल राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एकजुट रह पाया। जैसे कि ममता बनर्जी ने यशवंत सिन्हा के नाम का समर्थन किया, लेकिन पश्चिम बंगाल में उन्हें बुलाया ही नहीं। दूसरी ओर,

उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन ने द्रौपदी मुर्मू के प्रति अपने समर्थन का एलान कर दिया। इसके अलावा, इस बीच दो और घटनाएं हुई हैं। एक तो यह एडवाइजरी जारी की गई है कि संसद सत्र के दौरान संसद परिसर में कोई धरना नहीं होगा और दूसरा, सत्र से ठीक पहले संसद सचिवालय द्वारा असंसदीय शब्दों की एक लंबी–चौड़ी सूची जारी की गई है। जब भाजपा लगातार चुनाव दर चुनाव जीतती जा रही है, विपक्ष को ध्वस्त करती जा रही है, और देश

भर में उसका विस्तार होता जा रहा है, ऐसे में, असंसदीय शब्दों की सूची जारी करने का मतलब समझ में नहीं आता। इससे जनता के बीच गलत संदेश जा सकता है। सवाल उठता है कि भाजपा इतनी रक्षात्मक क्यों हो रही है। लोकतंत्र में छोटी–छोटी बातें बर्दाश्त करना स्वाभाविक होना चाहिए।

कुल मिलाकर ऐसा लग रहा है कि मानसून सत्र के पहले से ही सत्तारूढ़ दल का रवैया विपक्ष के प्रति और ज्यादा आक्रामक हो गया है। जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि राजनीतिक विरोध शत्रुता में नहीं बदलना चाहिए। यह स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खाई बढ़ती जा रही है। बेशक देश बहुमत से चलता है, लेकिन संसद सहमति से चलती है। उसके बिना संसद औपचारिकता बनकर रह जाती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# नुमाइश देखकर वापस जा रहे दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत : गांव में पसरा मातम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी क्षेत्र के इटारा रोड पर नवोदय विद्यालय के निकट नुमाइश देखकर घर वापस जा रहे दो सगे भाइयों को सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों मृतक सगे भाई ग्राम खेरवा मजरा करावा थाना मझिला के निवासी हैं। दो भाइयों की मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया। मृतक के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा है। जानकारी के मुताबिक जितेंद्र कुमार उम्र 19 वर्ष व हर्षित कुमार उम्र 16 वर्ष पुत्र राजपाल निवासी ग्राम खेरवा मजरा करावा थाना मझिला के हैं। जितेंद्र कुमार व हर्षित कुमार अपने पड़ोसी व रिश्तेदारों के साथ पिहानी कस्बे में लगी नुमाइश देखने रिश्तेदारों की मोटरसाइकिल से आया था। मोटरसाइकिल को जितेंद्र कुमार चला कर लाया था। सभी लोग नुमाइश देखकर रात 12:30 बजे पिहानी कस्बे से निकले थे। दोनों सगे भाई एक मोटरसाइकिल पर बैठे जा रहे थे। साइकिल जैसे ही नवोदय विद्यालय इटावा रोड पर पहुंची उसी समय तेज रफ्तार से करावा की तरफ से आ रहे ट्रक ने सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। मौके पर पहुंचे रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक नरेंद्र सैनी द्वारा जितेंद्र कुमार व हर्षित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आए। जहां डॉक्टरों ने जितेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। हर्षित का रेफर कर कर दिया। हर्षित कुमार की लखनऊ इलाज के लिए ले जाते समय मृत्यु हुई। एसएसआई रमेश सिंह ने जितेंद्र कुमार के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार का ढांढस बंधाने पहुंचा पूरा गांव जितेंद्र व हर्षित की मौत की सूचना गांव में फैली तो गांव में मातम छा गया। सुबह ही ग्रामीण परिवार का ढांढस बंधाने के लिए पहुंचने लगे। हर कोई यही कह रहा था कि खुशहाल परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मां–बाप ने अपने दो जवान बेटों को खो दिया है, इससे बड़ा दुख कोई नहीं होगा। ग्रामीणों के मुताबिक राजपाल के दो ही बेटे थे ।दोनों की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। एक बेटी है करिश्मा है परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल था। जितेंद्र कुमार व हर्षित की मां सीमा रो रो के बेहोश हो रही है ।वही पिता राजपाल का भी बुरा हाल है।गौरव ने बताया कि दोनों ही भाई बेहद मिलनसार व हंसमुख थे। उनका गांव के प्रत्येक व्यक्ति के साथ संबंध था। उनकी मौत से पूरे गांव दुखी है।

# सावन का प्रथम सोमवार : मंदिरों में उमड़ी भीड़ : भक्तों ने किया अभिषेक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में हर–हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। राजघाट से गंगाजल लेकर हजारो कांवड़ियों ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। गोमती नदी के किनारे मढ़िया घाट प्रसिद्ध पारस नाथ शिव मंदिर में 10,000 से अधिक शिव भक्तों ने दर्शन किए ।कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया। सकाहा, हुसेनापुर धौकल,बाबा मंदिर हरदोई एवं नगरीय व ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में हर हर बम बम का जयघोष हुआ ।वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना का दौर चलेगा। मंदिर में भोले के दर्शन करने के लिए सुबह 5 बजे से ही लंबी–लंबी लगी रही। वहीं मंदिर परिसर में कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दूध, दही,



गंगाजल चढ़ाएं पंडित संदीप शुक्ला ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, विल्ब पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए, क्योंकि इस माह में भगवान भोले नाथ की सच्चे मन से आराधना की जाए, तो उसे मनवांछित फल प्राप्त होता है। वहीं सावन महीने में बेल पत्रों व पुष्पों की मांग बढ़ गई है। अभिषेक का है महत्व सावन में शिव अभिषेक का विशेष महत्व है। पंडितों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग के पूजन से शिवजी का आशीर्वाद मिलता है। समुद्र मंथन में निकले विष का पान करने के बाद जलन को शांत करने शिवजी का जलाभिषेक किया गया था। यह विधि अपनाई जाती है। इसके साथ ही आंक व बिल्व पत्र चढ़ाने से अनिष्ट ग्रह की दशा भी शांत होती है। दूध में काले तिल से अभिषेक करने से चंद्र संबंधित कष्ट दूर होते हैं।

# पति के बात न सुनने से नाराज महिला ने मासूम बच्चे का गला घोंटकर मार डाला

सुल्तानपुर ब्यूरो : सुल्तानपुर जिले की चांदा कोतवाली क्षेत्र के फरमापुर गांव में रविवार की रात मां ने एक वर्ष के अपने ही पुत्र की हत्या कर दी। पति के परदेस न ले जाने से नाराज पत्नी ने ऐसे कुकृत्य को अंजाम दिया। आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना चांदा के फरमापुर गांव का रोहित शर्मा अपनी आजीविका के लिए मुंबई में रहता है। वह पिछले दिनों घर आया था। रोहित रविवार को मुम्बई जाने की तैयारी कर रहा था कि उसकी पत्नी खुशबू शर्मा साथ चलने की जिद कर बैठी। रोहित घर से मुम्बई के लिए निकल पड़ा। इसी बीच खुशबू अपना आपा खो बैठी और क्रोध वश अपने ही दुधमुंहे बेटे शिवम का गला दबा दिया। दम घुटने से बच्चे की मौत हो गई। मुम्बई के लिए निकला रोहित अभी प्रयागराज पहुंच कर ट्रेन की



प्रतीक्षा कर रहा था कि यह दुखद खबर मिली। वापस घर लौट कर रोहित ने घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची चांदा पुलिस ने खुशबू को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। एसओ चांदा रवि कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# गोबरहिया नाले में तीन दोस्तों की डूबकर मौत : नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूबे

सीतापुर ब्यूरो : रामपुर मथुरा (सीतापुर) गोबरहिया नाले में रविवार को नहाते समय तीन दोस्तों की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। क्षेत्र के कस्बा निवासी अमित (9), ललित (11), श्याम सुंदर (12) व अमन (13) दोस्त थे। चारों रविवार को बंगालीपुरवा घाट पर गोबरहिया नाले में नहाने गये थे। इस नाले में सिर्फ शारदा नदी का पानी आता है। इस समय शारदा का जलस्तर अधिक होने से नाला भी उफना रहा है। नहाते समय अमित, ललित व श्याम सुंदर अचानक गहरे पानी में चले गए। तैर न पाने के कारण तीनों डूबने लगे। किनारे बैठे अमन की चीख–पुकार सुन ग्रामीणों तीनों को बचाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक तीनों की डूबकर मौत हो चुकी थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने तीनों दोस्तों को मृत घोषित कर



दिया। एसडीएम महमूदाबाद मिथलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को अनुग्रह अनुदान के रूप में चार–चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# बैसवारा ग्रामोत्थान समिति द्वारा ट्रक ड्राइवरों के आंखों की जांच व चश्मा वितरण निःशुल्क शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैसवारा ग्रामोत्थान समिति द्वारा लगाए जा रहे ट्रक ड्राइवरों के आंखों की जांच व निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आज भव्य शुभारंभ हुआ। निजी हितों से ऊपर उठते हुए ट्रक ड्राइवरों के लिए बैसवारा ग्रामोत्थान समिति की पहल सराहनीय है, बताते चलें कि निःशुल्क ट्रक ड्राइवरों हेतु आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का उदघाटन 17 जुलाई को हो गया है। शिविर 23 जुलाई तक चलेगा। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरचंदपुर से पूर्व विधायक सुरेन्द्र विक्रम सिंह उर्फ पंजाबी सिंह मौजूद रहे। उन्होंने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने ट्रक ड्राइवरों से अपील करते हुए कहा कि बैसवारा ग्रामोत्थान समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा ट्रक ड्राइवर पहुंच कर शिविर का लाभ उठाएं। संस्था के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी जी ने कहा कि यह आयोजन पूर्णतयः ट्रक ड्राइवरों के लिए है यहाँ पर उनकी आंखों की जांच तथा चश्मों का वितरण निः शुल्क किया जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई बैसवारा ग्रामोत्थान समिति के द्वारा की जा रही है जिसमें कंप्यूटराइज मशीन द्वारा व स्पेशलिस्ट



आंख के डॉक्टरों की टीम के द्वारा जांच सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक होगी शिविर रायबरेली के युवराज ढाबा अघौरा घाट में लगाया गया है स समिति के सचिव योगेश बाजपेयी जी ने कहा कि अगर ट्रक ड्राइवरों की आंखें सही रहेंगी तो आए दिन जो ट्रक से दुर्घटना के मामले सामने आते हैं उसमें कमी होगी। क्योंकि ड्राइवरों की आंखों की जांच के उपरांत उनकी आंखों में नई चमक और रोशनी होगी जिससे आने वाले खतरे से ट्रक ड्राइवर बच सकेंगे। कार्यक्रम में लालगंज बैसवारा से अध्यापक एवं समाजसेवी मनोज पांडेय, प्रसाद हॉस्पिटल लखनऊ से प्रधानाचार्य एसपी गुप्ता, राज्यमुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार राकेश सिंह, लखनऊ की समाजसेविका प्रमिला जी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट का मथुरा जिला अदालत को सभी लंबित मामले तीन महीने में निपटाने का आदेश

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई की। कोर्ट से शाही ईदगाह के साइंटिफिक सर्वे की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने मथुरा अदालत में दाखिल सभी आवेदन को तीन महीने में निस्तारित करने का आदेश दिया है। ये आदेश जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान व अन्य के आवेदन पर दिया है। सीनियर वकील आदीश अग्रवाल और शशांक सिंह ने बहस की। आवेदक का कहना है, शाही ईदगाह परिसर के साइंटिफिक रिसर्च और सर्वे कराने की मांग में सिविल जज मथुरा की अदालत में अर्जी दी गई है। विपक्षी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आवेदन दायर कर आपत्ति दाखिल की है। कोर्ट कोई



आदेश देने के बजाय लटकाए रखा है। इसलिए 14 अप्रैल 21 को दाखिल अर्जी को तय करने की मांग की गई थी। जिसपर कोर्ट ने अर्जी और आपत्ति का निस्तारण करने का आदेश दिया है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़ मुफ्त में मिली दवाये : संजीवनी हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सोमवार को संजीवनी हॉस्पिटल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ शारिक परवेज के संचालन में किया गया ।शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ नाजनीन परवीन और बुशरा फातिमा ने महिलाओं को निशुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण भी किया ।संचालक डॉ शारिक परवेज ने बताया कि इस निशुल्क कैम्प में लगभग 135 मरीजो को निशुल्क परामर्श के साथ 120 मरीजो को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया ।इसके साथ ही विभिन्न मरीजो की थायराइड,कोलेस्ट्रॉल,ब्लड शुगर,हीमोग्लोबिन आदि की जांचे भी की गई ।उन्होंने कहा कि चिकित्सा को सेवा मानकर जरूरतमंद लोगो की मदद करना चाहिये और ऐसे निशुल्क शिविरों से गरीब तबके के लोगो को खासी मदद मिलती



है ।उन्होंने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग से सम्बन्धित महिलाओं के लिये उनके संजीवनी हॉस्पिटल में सुविधा उपलब्ध रहेगी ।चिकित्सा शिविर में मरीजो की बड़ी भीड़ उमड़ी और लोगो ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया।

# अब छुट्टी का खेल नहीं खेल सकेंगे गुरुजी : यूपी के परिषदीय स्कूलों में बदलेगी व्यवस्था

लखनऊ ब्यूरो : बेसिक स्कूलों के शिक्षक अब आकस्मिक छुट्टी लेने वाला खेल नहीं खेल सकेंगे। उन्हें स्कूल खुलने से पहले ही इसके लिए आवेदन करना होगा। स्कूल खुलने के बाद वे मानव संपदा पोर्टल पर आवेदन नहीं कर सकेंगे। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने एनआईसी को पत्र भेजकर पोर्टल पर लीव मॉड्यूल में बदलाव करने को कहा है। साथ ही अवकाश व उपस्थिति से जुड़े कई अन्य सुधार के प्रावधान भी शुरू करने को कहा है। अभी कुछ शिक्षक, कर्मचारी बिना अवकाश लिए गैरहाजिर हो जाते हैं या फिर देर से विद्यालय पहुंचते हैं। इस दौरान यदि अधिकारी की चेकिंग हो जाती है, तो सूचना पाकर वह तुरंत पोर्टल पर छुट्टी भर देते हैं। इस पर रोक लगाने के लिए ही ये बदलाव किए जा रहे हैं। इससे शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, कर्मचारी अब ऑनलाइन छुट्टी के आवेदन में मनमानी नहीं कर सकेंगे। ऐसे करना होगा आवेदन जुलाई से सितंबर माह तक आकस्मिक अवकाश सुबह 8 बजे के बाद और अक्तूबर से 20 मई तक सुबह 9 बजे के बाद नहीं ले सकेंगे। साथ ही अवकाश स्वीकृति भी सुबह 5 से नौ बजे के बीच हो सकेगी। अभी प्रधानाध्यापक या खंड शिक्षा अधिकारी सुबह नौ बजे के बाद ही अवकाश मंजूर कर पाते हैं। ऐसे में स्कूल खुलने से पहले किसी के आकस्मिक अवकाश प्रस्ताव को अगर



निरस्त करना हो तो नहीं किया जा पाता। छुट्टी देर से निरस्त करने पर शिक्षक या कर्मचारी सूचना मिलने के बाद देर से विद्यालय पहुंचते हैं। यह भी होगा बदलाव अधिकारी पोर्टल पर यह भी देख सकेगा कि संबंधित विद्यालय में उस दिन कौन–कौन पूर्व से अवकाश पर है। ऐसे में उसे अवकाश मंजूर करने में आसानी होगी। अधिकारी को अवकाश निरस्त करने का कारण भी लिखना होगा। साथ ही स्वीकृत व फॉरवर्ड प्रकरणों के संलग्नकों को रिकॉर्ड के रूप में रखा जाएगा। इससे पता चल सकेगा कि शिक्षक या कर्मी ने पूर्व में किस चिकित्सकीय प्रमाण पत्र या कारण बताकर अवकाश लिया था।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा श्यामबहादुर यादव उर्फ निन्हकू को 01 किलो 400 ग्राम गाँजा के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्वेक्षण में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त श्यामबहादुर यादव उर्फ निन्हकू पुत्र रामचन्दर उर्फ चन्द्रजीत यादव निवासी ग्राम लालमनपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को 01 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दिनाक 17ध07ध2022 को समय करीब 02.20 बजे सुबह बहद ग्राम शिकारपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 230/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।अभियुक्त का विवरण– 1.श्यामबहादुर यादव उर्फ निन्हकू पुत्र रामचन्दर उर्फ चन्द्रजीत



यादव निवासी ग्राम लालमनपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब 26 वर्ष आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 230/2022 धारा 8/20 NDPS ACT थाना सरायख्वाजा जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. 01किलो 400 ग्राम गांजा नाजायज गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम के सदस्य– 1.उ0नि0श्री देवेन्द्र कुमार दूबे, चौकी प्रभारी शिकारपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 मनीष कुमार, हे0का0 विशम्भर नाथ राय,हे0का0 सुजीत कुमार मौर्य,का0 आनन्द सादर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## ग्रेनेड हमले में शहीद हुआ अंबेडकरनगर जिले का लाल : पांच राजपूताना राइफल्स में थी तैनाती

अंबेडकरनगर ब्यूरो : देश की सुरक्षा में तैनात अंबेडकरनगर जिले के राजेसुल्तानपुर निवासी सैन्य जवान भगवान सिंह जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए। खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



राजेसुल्तानपुर थाना अंतर्गत पोखरभिट्टा गांव निवासी पांच राजपुताना राइफल्स में बतौर नायब सूबेदार तैनात भगवान सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रविवार की रात पुंछ में हुए ग्रेनेड हमले में शहीद हो गए। जवान के शहीद होने की खबर जब गांव पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद जवान भगवान के माता–पिता गांव में ही रहते हैं जबकि पत्नी माला सिंह अपने दो बच्चों स्वाति (17) और यशवीर (15) के साथ दिल्ली रहती हैं। पार्थिव शरीर के यहां मंगलवार को पहुंचने की उम्मीद है।

## आचार्य चाणक्य ने कहा था कि देश को खतरा दुर्जनो के दृष्टता से उतना नही है जितना सज्जनों की शांति से है– अनिल मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित कर रही है। इसी क्रम में शीहीपुर जौनपुर स्थित नव निर्मित कार्यालय पर प्रबुद्ध, प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल मिश्र उपस्थित रहे, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुभारम्भ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गई। मुख्य अतिथि अनिल मिश्र ने ने कहा कि हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल है और दल से बड़ा देश है। भाजपा कार्यकर्ता के लिए सत्ता प्राप्त करना और शासन करना मात्र लक्ष्य नहीं है। भाजपा मूल्यों और आदर्शों को लेकर राजनीति में आई है, जिससे देश की आस्था जुड़ी है। सदी की इस महामारी के दौरान अमेरिका के मुकाबले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का कोरोना प्रबंधन बेहतरीन रहा। आप जैसा प्रबुद्ध वर्ग समाज के हर वर्ग में जा सकता है। यहां अधिवक्ता, चिकित्सक, कारोबारी भी हैं। आप सब समाज का नेतृत्व करते हैं। आप हर जगह हैं आप मूल्यों और आदर्शों के साथ समाज में जाते हैं। आप बता सकते हैं कि देश का हित क्या है। कई बार स्वयं के हित मजबूत हो जाते हैं। अगर देश कमजोर होगा तो आप कमजोर होंगे। आप देश को मजबूत बना लिये व्यक्तिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म की बात कीजिये। हम अपने सारे कार्यकर्तओं को यही बताते हैं। देश को गठबंधन के जरिये राजनैतिक स्थिरता दी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकर्ताओं के साथ आप सभी प्रबुद्धजनों का भी




योगदान है। आप सभी समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आपके द्वारा जनता में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना वैक्सीन के निर्माण व टीकाकरण को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि आप जानते हैं कि जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता, अखंडता की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या भव्य निर्माण, तीन तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय व कार्य हैं। जिसको आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला जिला संयोजक शीतला प्रसाद मिश्र ने की। उक्त अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील उपाध्याय, जिला महामंत्री सुशील मिश्र, जिला सह संयोजक प्रह्लाद सिंह, विधानसभा संयोजक और जिले के प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

## थाना सिकरारा व मछलीशहर पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोरो के गिरोह का किया पर्दाफाश : एक कबाड़ी व 04 शातिर चोर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधियों के विरूध्द सघन अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रवेक्षण मे थाना सिकरारा पुलिस द्वारा दिनांक–16.07.2022 को फुट पेट्रोलिंग के दौरान शेरवा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों के चेकिंग की जा रही थी कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली की 02 मो0सा0 पर सवार 06 अन्तर्जनपदीय वाहन चोर सिकरारा बाजार से बरईपार की तरफ जा रहे है। इस सूचना पर हम पुलिस वालो द्वारा हिकमत अमली से दोनो चोरी की मो0सा0 के साथ 04 व्यक्तियो को हिरासत पुलिस मे लिया गया तथा 02 वाहन चोर मौके का फायदा उठाकर भाग गए। पूछताछ के क्रम मे यह ज्ञात हुआ की ये सभी मो0सा0 बरईपार बाजार मे एक कबाडी के यहाँ जो इन सब का सरगना है और विभिन्न क्षेत्रो से मो0सा0 की चोरी करवाता है, लेकर जा रहे थे। इस सूचना पर विश्वास कर बउम्मिद गिरफ्तारी व बरामदगी के प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक को जरिये टेलीफोन मदद इमदाद हेतु मौके पर पहुचने के लिये बताया गया। हम पुलिस वाले मय गिरफ्तारशुदा चोरो के बरईपार कबाडी के गोदाम पर पहुचे तो भारी मात्रा मे चोरी की गयी मो0सा0 के इंजन, हैडिल, साकर व लाकर , टंकी व अन्य सामान बरामद हुआ तथा मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई गिरफ्तार शुदा अभियुक्त व बरामद शुदा माल को कब्जा पुलिस मे लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण– 1. गया प्रसाद गुप्ता पुत्र लालता प्रसाद गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी कान्हापुर थाना मछली शहर जनपद जौनपुर। 2.उदल सरोज पुत्र चन्द्र प्रकाश सरोज उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम खेतलपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर । 3.गगन सरोज पुत्र चन्द्रपाल सरोज उम्र 22 वर्ष निवासी खेतलपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 4.अरविन्द कुमार गौतम उर्फ निरहु पुत्र रमेश गौतम उम्र 25 वर्ष निवासी बहरईचा थाना मड़ियाहू जनपद जौनपुर । 5. राज कुमार बनवासी पुत्र बाकेलाल बनवासी उम्र 19 वर्ष निवासी भुइला थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0 182ध22 धारा 411,413,414,420,465,471 भादवि थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 177/22 धारा 379,411 भादवि0 थाना सिकरारा




जौनपुर। 3. मु0अ0स0 71/22 धारा 379,411 भादवि थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0स0 165/22 धारा 379,411 भादवि थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 5. मु0अ0स0 593/21 धारा 379, 411 भादवि थाना कैन्ट जनपद वाराणसी। बरामदगी का विवरण– 1.– UP 44 AK 0936 मोटर साईकिल अपाची , 2.UP 65 BA 9606 सी0वी0 जेड0 हिरो होण्डा ,3. UP 44 K 3314 हीरो होण्डा स्पलेण्डर ।,4. UP 62 AR 3561 हीरो एचएफ डिलक्स ,5. WB 42 H 7527 बजाज एवेन्जर , 6. UP 62 W 6872 प्लसर , 7. UP 65 CA 5250 हिरो सुपर स्पलेन्डर , 8. UP 62 J 3755 स्पलेन्डर प्लस , 9. UP 62 BR 5515 स्पलेन्डर प्लस 2– 1. UP 62 AJ 2073 हिरो एचएफ डिलक्स का इंजन ,2. UP 62 AR 7184 एचएफ डिलक्स का इंजन , 3. UP 62 BF 0702 एचएफ डिलक्स का इंजन , 4. UP 62 BM 5894 सुपर स्पलेन्डर का इंजन , 5. UP 62 AX 0166 स्पलेन्डर प्रो का इंजन ,6. UP 62 AA 6431 स्पलेन्डर प्रो का इंजन, 7. UP 62 X 9369 सीडी डिलक्स का इंजन , 8. एक इंजन बजाज डिस्कवर, 9. एक इंजन होण्डा साईन , 3–02 चेचिस , 08 मोटर साईकिल के पहिये , 08 हैण्डल , 10 टंकी , 03 हेड लाईट , 16 फ्रंट साकर , 09 रियर साकर , 02 साईलेन्सर , 03 सीट , 03 डिग्गी , 05 चौन कवर , 10 लाक मोटर साईकिल , इलेक्ट्रानिक तराजू , नट बोल्ट तथा मोटर साईकिल से सम्बन्धित छोट छोटे पार्ट व फाईबर बाडी ।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम के सदस्य – 1. थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. प्रभारी निरीक्षक श्री देवानन्द रजक थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर । 3. उ0नि0 विजयशंकर यादव ,उ0नि0 संजय कुमार,हे0का0 जितेन्द्र कुमार पाण्डेय,हे0का0 अमित सिंह ,का0 अजीत दूबे,का0 अजय राव,का0 अंकित कुमार सिंह थाना सिकरारा जौनपुर। 4. उ0नि0 अखिलेश कुमार यादव,का0 अन्शुमान यादव ,का0 गोविन्द खरवार,का0 सन्दीप यादव,का0 अनिल यादव,का0 भृगु चौहान,का0 दीपक यादव थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

## दो सौ साल से अधिक पूराने प्राचीन मंदिर की बेशकीमती भूमि पर भू–माफियाओं की पड़ी नजर

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : कोतवाली थाना अंतर्गत क्षेत्र डेरामुआयना कुरचनपुर क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी मनीष वर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी को प्रार्थना पत्र सौपते हुए प्रार्थना किया कि उक्त क्षेत्र में वर्षो पूराना शिव भगवान व हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है जहाँ क्षेत्र के सभी लोग विगत कई वर्षों से पूजा–पाठ शादी–विवाह, एवं भंडारा आदि का कार्यक्रम आपसी सहयोग से करते चले आ रहे हैं। प्राचीन मंदिर की जमीन बेशकीमती है। उक्त मंदिरधशिवालय आराजी नम्बर 131 में शिवालय के नाम से दर्ज है लेकिन उक्त जगह पर कई लोग बाहर से आकर यहां बसे जिसपर वहां के कुछ भू– माफियाओं की बुरी नजर गड़ी गई है जिस पर वह लोग कब्जा करना



चाहते हैं। उक्त प्राचीन मंदिर की भूमि पर भू– माफियाओं के कब्जा हेतु शिकायतकताओं के अनुसार उपरोक्त लोगों ने बीते 17 अप्रैल को कब्जा कर रहे थे तो क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा अवैध निर्माण कार्य को रूकवाया गया था उपरोक्त लोगों की नजर आज भी प्राचीन मंदिर की भूमि पर गड़ी हुई है जो कई फर्जी दस्तावेज तैयार करते हुए फर्जी बैनामा कराकर शिवालय की जमीन आराजी नम्बर 131 को भी बैनामा करा लिए है। इतना ही नहीं, आराजी नम्बर 132 बंजर, बउली, तालाब व कुआं को पाटकर उस पर भी कब्जा जमाए हुए हैं। क्षेत्रीय शिकायतकर्ता के अनुसार 9 जुलाई को उपरोक्त लोग मंदिर की जमीन पर ईंट रखने लगे जिसका विरोध करने पर कब्जेदार द्वारा गाली गुत्ता देते हुये जानमाल की धमकी दिया गया। उपरोक्त लोग धनबल व संख्याबल में अधिक हैं जो अवैध रूप से प्राचीन शिवालय की भूमि पर अपना कब्जा करना चाहते हैं। ऐसी सूरत में उपरोक्त लोगों के विरुद्ध क्षेत्रीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के लिए जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है कि प्राचीन शिवालय की भूमि पर भू माफियाओं द्वारा हो रहे कब्जे को रुकवाया जाय। शिकायत करने वालों में सेवक सोनकर, रामजीत पुजारी, संतोष, सेवक, डब्लू आदि है।

## यूपी में कार्यवाहक प्राचार्य के भरोसे 13 मेडिकल कॉलेज

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में 13 मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य के भरोसे चल रहे हैं। इसमें आठ राजकीय मेडिकल कॉलेज और पांच स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज हैं। कॉलेजों के प्रोफेसर को कार्यवाहक प्राचार्य बनाने से एक तरफ पढ़ाई तो दूसरी तरफ मरीजों का इलाज भी प्रभावित हो रहा है। कई कॉलेजों में दूसरे कॉलेज के प्रोफेसर को कार्यवाहक प्राचार्य बनाकर भेजा गया है। इसमें कुछ ऐसे भी हैं, जो प्राचार्य पद की योग्यता भी पूरी नहीं करते हैं। प्रदेश में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है, लेकिन चिकित्सा शिक्षा विभाग की लचर कार्यप्रणाली की वजह से अभी तक कॉलेजों को प्राचार्य तक नहीं मिल पाए हैं। स्थिति यह है कि 13 राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सिर्फ पांच में प्राचार्य कार्यरत हैं। बाकी आठ में प्राचार्य हैं ही नहीं। यहां जुगाड़ से कार्यवाहक प्राचार्य तैनात किए गए हैं। एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा में वहां के एक प्रोफेसर को कार्यवाहक प्राचार्य की तो दूसरे प्रोफेसर को बदायूं मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी दी गई है। यही हाल जीएसवीएम कानपुर, एमएलबी मेडिकल कॉलेज झांसी, कन्नौज और आजमगढ़ का भी है। यहां के दो–दो प्रोफेसर कार्यवाहक प्राचार्य की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। प्रोफेसरों को प्राचार्य बनाए जाने से वे प्रशासनिक कार्य में ही व्यस्त रहते हैं। ये प्रोफेसर सर्जरी, ईएनटी और बाल रोग विभाग के हैं इस वजह से यहां मरीजों की भीड़ रहती है। ऐसे में मेडिकल छात्रों की पढ़ाई के साथ ही मरीजों का उपचार भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी बात यह है कि इन प्रोफेसरों के पद को खाली मानकर दूसरे प्रोफेसर की तैनाती भी नहीं की जा सकती है क्योंकि संबंधित प्रोफेसर का वेतन उनकी मूल तैनाती वाले कॉलेज से निकलती है। मानकों की अनदेखी सूत्र बताते हैं कि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर को नियमानुसार स्वशासी कॉलेज में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। इसके बाद भी राजकीय मेडिकल कॉलेज आजमगढ़ के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कार्यवाहक प्राचार्य बनने वालों में ज्यादातर ऐसे हैं, जिनका प्रोफेसर पद पर पांच साल कार्यकाल भी नहीं है। नियमानुसार प्राचार्य पद के लिए शिक्षक के रूप में 10 साल का अनुभव होना चाहिए, जिसमें पांच साल बतौर प्रोफेसर अनिवार्य है। कितने प्राचार्य हैं विभाग में राजकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए प्राचार्य का चयन आयोग से होता है, जबकि स्वशासी कॉलेजों के लिए चयन कमेटी तय करती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग में राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए आठ प्राचार्य कार्यरत हैं, जिसमें डॉ. आनंद स्वरूप ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कर रखा है। इसी तरह दो साल पहले आयोग से डॉ. शिवकुमार और डॉ. सुनील कुमार आर्य का चयन हुआ था। लेकिन अलग–अलग कारणों से इन्हें ज्वॉइनिंग नहीं मिली। बाद में डॉ. शिवकुमार को स्वशासी मेडिकल कॉलेज जौनपुर में चयन हो गया। इसके बाद से अभी तक प्राचार्य पद नहीं भरा गया। कितने कॉलेज हैं प्रदेश में प्रदेश में 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज हैं। इसी तरह 23 स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं, जबकि 14 का निर्माण चल रहा है। 16 मेडिकल कॉलेज पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत खोले जा रहे हैं, जिसमें दो को मंजूरी मिल गई है। अन्य पर कार्य चल रहा है।

## आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने किया गोमती नदी की सफाई व लगाया तिरंगा शाखा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी, जौनपुर के जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के अध्यक्षता में गोपी घाट के गोमती नदी की सफाई आम आदमी पार्टी, जौनपुर के कार्यकर्ताओं ने किया सफाई के बाद आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा शाखा लगाया। जिसके पश्चात आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर एक बैठक किया गया इस बैठक की अध्यक्षता सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने किया मुख्य अतिथि के रूप में गोकुलपुरी दिल्ली के विधायक सुरेंद्र चौधरी जी रहे इनके उपस्थिति में भीम आर्मी को छोड़कर आए जिला महासचिव मुरली मनोहर ने अपने साथियों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के विधायक सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली मॉडल को नगर पालिका चुनाव में बताएगी और निश्चित रूप से नगर पालिका और नगर पंचायत का चुनाव पूरी मजबूती के साथ आम आदमी पार्टी लड़ेगी इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि आम आदमी



पार्टी वार्ड संगठन का निर्माण बहुत जल्द ही कर लेंगे और हर वार्ड में 25 सदस्यों की कमेटी बनेगी आम आदमी पार्टी जमीनी स्तर से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। इस कार्यक्रम में शामिल अमरनाथ यादव,बच्चे लाल चौहान, खालिद, आशीष गिरी, दिलीप सिंह, मनीष सिंह, मातबर यादव, संजय गौड़ प्रेम प्रकाश बबलू गुप्ता नीरज कुमार अलाउद्दीन डॉक्टर कमलेश भारती लल्लन सुरेश यादव सीताराम मोर जन्मेजय मौर्य राम रूप मौर्य सोनू कुमार दिवाकर मौर्य श्याम लाल पटेल लल्लन राम राजेंद्र कुमार सिंह तीरथ राज यादव अवधेश यादव मोहम्मद मोबीन, एवं समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी आदि लोग उपस्थित हुए।।

## जनपद पुलिस ने अराजक तत्वों व संदिग्धों पर पैनी नजर रखनें हेतु कई क्षेत्रों में छोड़ा ड्रोन कैमरा

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के दिशा निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर के भीड़भाड़ व प्रमुख मंदिर मस्जिद पर सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन कैमरा से चप्पे चप्पे पर ऐतिहातन संदिग्धों पर निगरानी रखने के लिए छोड़ा ड्रोन कैमरा। बताते चले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर कोतवाली



थाना प्रभारी सतीश सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरा की मदद से अराजकता फैलाने वालों संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर जमाए रखें। नगर कोतवाली पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरा नगर के प्रमुख प्रमुख स्थानों पर उड़ाया गया पूरानी बाजार, सद्भावना केरारबीर, सिपाह छोटी काशी स्थित पूरे क्षेत्रों को कवरेज करते हुए संदिग्ध एवं अराजकता फैलाने वालों पर अपनी पैनी बनाए रखें। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की ड्रोन कैमरा लगभग दो कि.मी. तक का क्षेत्र कवर करता है ड्रोन कैमरा की मदद से क्षेत्रों में किसी प्रकार की संदिग्ध गति विधियों पर नजर रखी जा सकती हैं।

## शिव के दरबार में गूंजा बम–बम भोले : जलाभिषेक के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

गोरखपुर ब्यूरो : सावन मास के प्रथम सोमवार पर 18 जुलाई को श्रद्धालु शिवालयों में महादेव का जलाभिषेक कर आस्था निवेदित किया। शिव के दरबार बम–बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। सोमवार को होने वाली भीड़ के मद्देनजर रविवार को दिनभर तैयारियां चलती रहीं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए बैरिकेडिंग की गईं। मंदिरों को आकर्षक फूलों और रंग–बिरंगे झालरों से सजाया गया है। शिवालयों की सफाई और सजावट में स्वयंसेवक एवं मंदिर प्रबंधन के लोग जुटे रहे। शुभता में वृद्धि करेगा शोभन योग पंडित शरद चंद्र मिश्रा ने बताया कि 18 जुलाई को सावन मास का प्रथम सोमवार है। इस दिन पूर्वा भाद्रपद और उत्तराभाद्र नक्षत्र का सुयोग और चंद्रमा की स्थिति मीन राशि है। राशि स्वामी बृहस्पति देव रहेंगे। शोभन योग होने से इस दिन का व्रत शुभता की अभिवृद्धि करने वाला रहेगा। पूर्व पापों का उपशमन करके सद्गुणों की ओर ले जाने वाला है। सोमवार का है विशेष महत्व ज्योतिर्विद पंडित नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में सोमवार का विशेष महत्व है। इस दिन को भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। सावन मास में भगवान आशुतोष की पूजा का विशेष महत्व है। जो भक्त प्रतिदिन नियम पूर्वक पूजा न कर सके, उन्हें सावन मास में शिव पूजा और व्रत रखना चाहिए। सावन महीने में जितने भी सोमवार होते हैं शिवजी का व्रत किया जाता है। ऐसे करें पूजन ज्योतिषाचार्य मनीष मोहन के अनुसार, सोमवार को शिवालय जाकर पंचाक्षरी मंत्र के साथ दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, पंचामृत, इत्र, फलों के रस, गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। चने की दाल, सरसों तेल, काले तिल आदि से महादेव का अभिषेक करें। इसके बाद फूल, दूर्वा, बिल्वपत्र, आकपुष्प, धतूरा, कनेल आदि चढ़ाएं। नैवेद्य,



फलों से भोग लगाएं। श्रीफल भेंट करने के बाद धूप–दीप से आरती करें। राजघाट मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर के पुजारी पंडित रमानाथ ने कहा कि सावन के पहले सोमवार को लेकर तैयारियां एक दिन पहले पूरी कर ली गई थी। सुबह तीन बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालुओं को मंदिर के उत्तरी द्वार से प्रवेश दिया गया और वह पूर्वी गेट से बाहर निकले। उम्मीद है कि 50 हजार से अधिक लोग सावन के पहले सोमवार पर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर में भीड़ अधिक है। महादेव झारंखडी शिव मंदिर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष शिव पूजन तिवारी ने कहा कि सावन के पहले सोमवार पर दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्वयंसेवक लगाए गए हैं। सुबह साढ़े चार बजे भक्तों के लिए मंदिर का द्वार खुल गया। रात 10 बजे तक भक्त भगवान शिव के दर्शन कर सकते हैं। श्रद्धालुओं को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक में कोई मुश्किल न हो, इसलिए रुद्राभिषेक 10 बजे के बाद शुरू हुआ।

# परियोजना निदेशक ने समीक्षा बैठक में लापरवाह सचिवो के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिये निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के विकासखंड बीकापुर में जिला स्तरीय अधिकारी की परियोजना निदेशक आर पी सिंह एवं डीसी मनरेगा नागेंद्र मोहनराम त्रिपाठी ने एक बैठक किया। इस मौके पर उन्होंने विकासखंड के अधिकारियों ,कर्मचारियों की संयुक्त बैठक कर विकासखंड से संचालित लगभग सभी योजनाओं की गहन समीक्षा कर कार्य में लापरवाह सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दिया।पूर्व सूचना के अनुसार लगभग 2रू00 बजे ग्राम्य विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वय ने विकासखंड बीकापुर पहुंच कर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की क्लास ली।विकासखंड पर अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक में पी डी श्री सिंह ने सी एम एवम पी एम आवास की समीक्षा की।सी एम आवास में लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति न होने तथा विगत वर्षों में आवंटित पी एम आवासो में से कुछ आवास आज तक पूरा ना होने पर काफी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी को एक सप्ताह के अंदर स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया।डी सी मनरेगा श्री त्रिपाठी ने मनरेगा योजना में सभी ग्राम पंचायतों में कम लेवर लगे रहने, ग्राम पंचायतों में महिला मेट न लगाने के साथ यम यम यस(मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) से हाजिरी ना लगाने, ग्राम पंचायतों में लगाए गए वृक्षारोपण का हरीतिमा ऐप पर जियो टैग ना होने को लेकर काफी नाराज



दिखे, उन्होंने सभी सचिवों को फटकार लगाते हुए योजना में उपरोक्त बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। इस मौके पर विकासखंड से लिप्त होने वाली अन्य योजनाओं एनआरएलएम, वृक्षारोपण, सामुदायिक शौचालय की स्थिति आदि के साथ शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि शासन से चली योजनाओं को धरातल पर लागू होने में यदि लापरवाही बरती जाएगी तो लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी अजय तिवारी, बद्रीनाथ पांडे, अवनीश शुक्ला, उषा रानी शर्मा, सचिन पटेल, एपीओ दानिश जमाल , प्रधान सहायक अमरेश कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, राजेश चौधरी, कमलेश वर्मा, अंजू वर्मा, शुभम शुक्ला, भीम सिंह रौनक, सृष्टि सिंह उपस्थित रहे।

## 25वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन प्रतियोगिता 2022 में विजेताओं को आयोजन समिति के सचिव डॉ मिश्र (आईपीएस) व अंतराष्ट्रीय प्रो–कबड्डी चैंपियन राहुल ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 पीएसी वाहिनी बटालियन वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक 25वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन तैराकी, वाटर पोलो व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 2022 के दौरान आयोजन समिति के सचिव डॉ राजीव नारायण मिश्र, सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी व अंतराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय प्रो–कबड्डी टीम के चैंपियन एवं श्रेड मशीनश कहे जाने वाले राहुल चौधरी द्वारा संयुक्त रुप से तैराकी, वाटर पोलो व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉक्टर मिश्र द्वारा प्रो कबड्डी चैंपियन राहुल चौधरी का स्वागत करते हुए मंच पर आमंत्रित करने के साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों, अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए प्रो कबड्डी चौंपियन राहुल चौधरी का परिचय बताते हुए कहा गया कि राहुल चौधरी जिन्हे कबड्डी में रेड मशीन के रूप में भी जाना जाता है। राहुल भारतीय पेशेवर अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी व चैंपियन है तथा राष्ट्रीय कबड्डी टीम के कप्तान है। राहुल चौधरी 2016 के दक्षिणी एशियाई खेलों में गोल्ड जीतने वाली भारतीय नेशनल कबड्डी टीम के सदस्य थे। राहुल चौधरी पहले ऐसे कबड्डी खिलाड़ी है, जिन्होंने 500 से अधिक रेड पॉइंट हासिल किए हो। सूत्र के मुताबिक राहुल प्रो कबड्डी सीजन 6 में तेलेगु टाइटन के भी कप्तान है। राहुल



चौधरी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में अभ्यास एवं अनुशासन का अत्यंत ही अधिक महत्व है जिसे हम सबको पालन करना है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी श्री राहुल को शॉल उढाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान देवपाल, शिविरपाल, रणजीत कुमार तिवारी सूबेदार मेजर, विंध्यवासिनी पाण्डेय, सहायक शिविरपाल , दलनायक बृजेश राय, बदन यादव एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहे।

## एसएसपी के आदेश पर 10 लोगों पर दर्ज हुआ दलित एक्ट का मुकदमा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना रौनाही क्षेत्र में पीड़ित के आरोप के मुताबिक जिले के ग्राम पंचायत की भूमि पर उलटी दिशा में जबरन नाली निर्माण करा रहे दबंगों को रोकने गए ग्राम पंचायत के मेंट विनय रावत को दबंगों ने जमकर पिटाई की।उनके साथ मौजूद रहे दो अन्य लोगों की भी पिटाई दबंगों ने करके अधमरा कर दिया तो घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित के परिजनों ने तीनों व्यक्तियों को जिला अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया घटना की लिखित सूचना बार–बार थाना रौनाही पर देने पर रपट न लिखे जाने पर आखिरकार थक हार कर पीड़ितों ने जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार से घटना की फरियाद की तो उन्होंने थानाध्यक्ष को फटकार लगाते हुए तुरंत रपट लिखवा कर अग्रिम कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीड़ित के मुताबिक यह मामला रौनाही थाना क्षेत्र के पिरखौली गांव का है घटना गत 03 जुलाई कि सुबह 9रू00 बजे की है ज्ञातव्य हो इसी गांव निवासी नंद कुमार सिंह के नाली का पानी पहले उनके घर के पीछे पूरब की ओर निकलता था लेकिन वह अपने घर का पानी कुछ दिनों से घर के उत्तर सीसी रोड पर बहा रहे थे तथा अब इसी तरफ से जबरन नाली निर्माण करा रहे थे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर तिवारी अच्छन ने जब मेट विनय रावत को भेज कर नाली निर्माण कार्य रुकवाने को कहा तो वहां मौजूद दबंगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी जातिसूचक शब्दों में भद्दी भद्दी गालियां भी दी।इस प्रकरण में सीओ सदर शैलेन्द्र प्रताप गौतम ने बताया कि घटना में नंद कुमार सिंह पुत्र वासुदेव सिंह,शिवम सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह, उदयभान पुत्र दान बहादुर, गणेश सिंह पुत्र वासुदेव सिंह (सौ्सौ्सौ्स सौ्सौ्सौ्सौ्स्सौ् ्उर्फ पुत्र संतोष सिंह(7)रन बहादुर पुत्र अवधेश सिंह (8)मानवेंद्र उर्फ मोनू सिंह(9)सूर्य प्रताप सिंह सोनू(10)प्रिंसी सिंह पुत्र गण रन बहादुर सिंह सहित दस लोगों के खिलाफ नामजद तथा चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके जांच प्रारम्भ कर दी गई है।

## सपा कर रही मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति – रामविलास वेदांती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी में राम मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण पर है, नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह कहा जाने लगा था कि लगभग 500 वर्षों से चली आ रही हिंदू–मुस्लिम की यह लड़ाई अब खत्म हो जाएगी। लेकिन सच्चाई यह है कि मामले का पूरी तरह से पटाक्षेप अभी तक नहीं हो पाया है। यही कारण है कि बाबरी विध्वंस के मामले पर हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्षकार के द्वारा अपील दायर है। बाबरी विध्वंस के मामले पर हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्षकार के द्वारा अपील किए जाने पर बाबरी विध्वंस के आरोपी रहे भाजपा के पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने हाजी महबूब के ऊपर बड़ा आरोप लगाया है। वेदांती ने हाजी महबूब पर आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों और मुस्लिम संगठनों से पैसा लेने के लिए इस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं। पूरे मामले में डॉ. वेदांती ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साफ हो चुकी है। समाजवादी पार्टी मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने के लिए हाजी महबूब के जरिए दोबारा से पूरे मामले को जीवित करना चाहती है। उन्होंने मुस्लिम वोट को प्राप्त करने के लिए अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव और शिवपाल यादव ने जानबूझकर मुकदमा दायर करवाने का काम किया है। पूर्व सांसद डॉ रामविलास दास वेदांती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट के सामने चुनौती नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम लोगों को बरी किए जाने के बाद ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जहां पर रामलला विराजमान है। वहीं पर रामलला का मंदिर था और भारत सरकार ट्रस्ट का गठन कर भव्य रामलला के मंदिर का निर्माण करें। साथ ही कोर्ट के आदेश पर मुसलमानों को मस्जिद का निर्माण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जमीन भी दिया गया है। गौरतलब है कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में हुए बाबरी विध्वंस के मामले में 32 लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसमें लालकृष्ण आडवाणी, उमा भारती, मुरली मनोहर जोशी, चंपत राय, महंत नृत्य गोपाल दास समेत देश की कई नामचीन हस्तियों को आरोपी बनाया गया था। पूरे मामले का मुकदमा लंबे समय तक सीबीआई कोर्ट में चलता रहा। जिसके बाद नवंबर 2019 में राम मंदिर पर फैसला आने के बाद बाबरी विध्वंस के आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया गया था। बाबरी विध्वंस के आरोपियों के बरी किए जाने के बाद हाई कोर्ट में दोबारा मुस्लिम पक्ष की तरफ से याचिका दायर की गई जिसकी सुनवाई 18 जुलाई को है। जिसमें बाबरी विध्वंस के आरोपियों को सजा दिलाए जाने के लिए पुनर्विचार का निवेदन मुस्लिम पक्षकार की तरफ से किया गया है।

# अयोध्या राममंदिर के लिए मुस्लिम कारीगरों ने की नक्काशी : दरवाजों के लिए मंगाए लकड़ी के सैंपल

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। में भगवान राम लला का बहुप्रतीक्षित मंदिर बन रहा है बंसी पहाड़पुर के पिंक स्टोंन से रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है रामलला के मंदिर में गर्भगृह को लेकर 14 दरवाजे होंगे अब इन दरवाजों को लगाए जाने के लिए मकराना मार्बल चौखट और बाजू बनाए जाएंगे जिन की नक्काशी मुस्लिम समाज के लोगों ने की है यह चौखट बाजू राम जन्म कार्यशाला में आकर रख चुके हैं अब मंदिर निर्माण के साथ इन्हीं चौखट बाजू से रामलला के मंदिर का गर्भ ग्रह द्वार और 13 अन्य द्वार की चौखट बाजू बनाए जाएंगे हालांकि इसके लिए लकड़ी का चयन किया जाना है बहराइच के जंगलों से शीशम और साखु तथा पड़ोसी जनपद गोंडा के मनकापुर के जंगलों से सागौन के सैंपल मंगाए गए हैं कार्यदाई संस्था और इंजीनियर इस विषय पर रिसर्च कर रहे हैं कि किस लकड़ी से रामलला के मंदिर के दरवाजे बनवाए जाएंगे।रामलला के मंदिर आंदोलन के दरमियां 1990 से ही राम जन्म की कार्यशाला बनाई गई जहां पर बंसी पहाड़पुर के पत्थरों को तराश कर के मंदिर निर्माण के लिए रखा गया था अहिल्या रूपी पत्थरों का वनवास लगभग तीन दशक बाद खत्म हुआ रामलला का बहुप्रतीक्षित मंदिर बनना शुरू हो चुका है और 2024 जनवरी में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए ऐसे में मंदिर की भव्यता को लेकर लगातार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्य कर रहा है समय–समय पर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में कारदायी संस्था के लोग मंदिर निर्माण को लेकर मंथन करते हैं जिसमें इंजीनियर और वैज्ञानिकों की भी राय ली जाती है ट्रस्ट की मंशा है कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद बनाए जा रहे हैं रामलला का मंदिर हजारों वर्ष तक सुरक्षित रहे इसमें वैज्ञानिक पद्धति का इस्तेमाल किया जा रहा है प्राकृतिक आपदाओं से भी मंदिर सुरक्षित रहेगा अब मंदिर के निर्माण कार्य में लगाए जाने वाले सामान भी उच्च गुणवत्ता वाले हैं।

## पुलिस चेकिंग अभियान में चढ़ा संदिग्ध हालात में अभियुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रशांत वर्मा के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में सावन मेला के मद्देनजर अपराध एवं अपराधियों मादक पदार्थ विक्रेताओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहा है।सूत्र के मुताबिक चेकिंग अभियान में फतेहगंज चौकी प्रभारी जगन्नाथ मणि त्रिपाठी अपने हमराह कांस्टेबल विकास मिश्रा कांस्टेबल रवि गुप्ता के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक अभियुक्त जेल के पीछे संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ है मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज जगन्नाथ मणि त्रिपाठी कांस्टेबल विकास मिश्रा कांस्टेबल रवि गुप्ता के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे कि संदिग्धा अवस्था में खड़ा अभियुक्त पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ा कर पुलिस ने पकड़ लिया कोतवाली लाकर अभियुक्त से जब पूछताछ किया गया तो अभियुक्त ने अपना नाम विनय कुमार उर्फ चंद्रप्रकाश पुत्र आत्माराम निवासी फिरोजपुर थाना पुरा कलंदर बताया जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से 650 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ जिसे पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर 8 बटा 20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत न्यायालय भेजा जा रहा है पकड़े गए अभियुक्त विन य कुमार उर्फ चंद्रप्रकाश इससे पूर्व पूरा कैलेंडर थाने से दो बार चोरी मैं और दो बार कोतवाली नगर से चोरी करने के अपराध में जेल भेजा जा चुका है और अन्य थानों से इसकी क्राइम हिस्ट्री पता की जा रही है।

## सुप्रिया वर्मा हत्याकांड की फिर से जांच की मांग : कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली अयोध्या में श्री राम पुरम् कालोनी निवासी शिक्षिका सुप्रिया वर्मा हत्याकांड के खुलासे की थ्योरी पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। जिसके चलते इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है।मालूम हो कि विगत दिनों अयोध्या में हुए शिक्षिका सुप्रिया वर्मा हत्याकांड से जनसामान्य दहल गया था।कई दिनों की जांच के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार भी कर लिया था. पुलिस ने हत्या के पीछे का कारण अवैध संबंध बताया था।पुलिस ने जो खुलासा किया है उस पर परिवार वाले सहमत नहीं हैं जिसके चलते मामले की फिर से जांच की मांग परिवारीजन कर रहे हैं।इसी मामले को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ विधायक वीरेंद्र चौधरी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।विधायक वीरेंद्र चौधरी ने पीड़ित परिवार को संबल देते हुए संकट की इस घड़ी में मजबूती से खड़े रहने का भरोसा दिया है।कांग्रेस नेता शरद शुक्ला ने कहा कि पूत कांग्रेस परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है, परिवार के प्रति हमारी पूरी संवेदना भी है। किसी भी स्थिति में परिवार के साथ अन्याय होने नहीं दिया जाएगा।इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा से मिलकर परिवार की असहमति को बताया जिसपर एसएसपी ने परिवार को पूर्ण न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में विधायक वीरेंद्र चौधरी के अलावा कांग्रेस नेता शरद शुक्ला, डॉ अनूप पटेल, आदर्श पटेल, अजय सिंह आदि शामिल रहे।

## निर्माणाधीन दीनदयाल पार्क पर सिंचाई विभाग ने लगाई रोक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गोसाईगंज कस्बे में भीटी पुल के पास सिचाई विभाग के बंधे पर नगर पंचायत द्वारा निर्माणाधीन दीनदयाल पार्क पर सिंचाई विभाग ने रोक लगा दी है।मामले में सिचाई विभाग के एडीओ एसके प्रसाद का कहना है कि नगर पंचायत ने उनके विभाग से बिना अनुमति के निर्माण करवा रहा था,वंही नगर पंचायत के ईओ आलोक कुमार मिश्रा का कहना है कि उन्होने सिंचाई विभाग से पूर्व में बाकायदा अनुमति लेने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। कार्य को रोकने के लिए एसडीओ ने इलाकाई पुलिस को शिकायती पत्र भी सौंपा है।बताते चले कि कस्बे के भीटी पुल के पास सिचाई विभाग का बंधा बना हुआ है। नगर पंचायत प्रशासन इसी बंधे पर दीनदयाल पार्क व फौव्वारा बनवा रहा था। जिसके लिए शासन 28लाख रुपये की धनराशि नगर पंचायत के खाते में अवमुक्त किया था। एक सप्ताह पूर्व से दीनदयाल पार्क का निर्माण हो रहा था। जंहा खुदाई व पिलर का कार्य जोरो पर चल रहा था,परन्तु दो दिन पहले सिंचाई विभाग ने बिना अनुमति के हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया। फिलहाल दोनो विभागों में विरोधाभास के चलते दीनदयाल पार्क का निर्माण कार्य ठप है। ईओ आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पूर्व में इसके निर्माण के लिए सिंचाई विभाग से अनुमति ली गयी थी। अब विभाग दुबारा अनुमति प्राप्त होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व जेवरात किया पार : धान की रोपाई करने गया था परिवार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव में शनिवार शाम अज्ञात चोरो ने घर का ताला तोड़कर घर में रखा नगदी व जेवरात सहित सारा सामान साफ कर दिया। पीड़ित ने रात में ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस को दिए गए तहरीर में मधुपुर गांव निवासी हौसिला प्रसाद पुत्र स्व राम आसरे ने कहा है शनिवार दोपहर बाद घर में ताला बंद करके घर के सभी सदस्य धान की रोपाई करने के लिए खेत में चले गए थे और घर के सामने दीवार पर पेंटिंग का काम चल रहा था शाम करीब 6 बजे जब घर वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है अंदर जाकर देखा तो चोर कमरे में रखा बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखा दस हजार रुपए नगद, कान का झुमका, मंगलसूत्र, पायल आदि सामान बटोरे ले गए। पीड़ित घर मालिक ने डायल 112 पर सूचना दिया और और रात में ही पूराकलंदर थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाबत पूराकलंदर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि यह मामला संज्ञान में है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## टोलप्लाजा पर लगा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम व निःशुल्क चिकित्सा शिविर

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)शासन के आदेश पर जनपद में जगह–जगह सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।उसी क्रम में रौनाही थाना टोल प्लाजा तहसीनपुर पर आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में आमजन व वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें नेत्र शिविर लगाकर किए गए परीक्षण कार्यक्रम में चिकित्सकों ने 500 से ज्यादा लोगों का नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क चश्मा व दवाई वितरित कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरपी सिंह द्वारा नेत्र शिविर कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा उन्हें वाहन चलाते समय नियमों के बारे में जानकारी दी साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई नियंत्रण गति के साथ ही वाहन चलाएं तथा नशा और नींद की स्थिति में वाहन कदापि ना चलाएं। संस्था जनहित शोध सेवा संस्थान प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा चश्मा एवं दवाएं का वितरण चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। जो कि सोहावल के तहसीनपुर टोल प्लाजा एवं एनएच 28 पर कराया गया। इस मौके पर डॉक्टर दीपक , डॉक्टर जगदीश, डी बीएन पांडेय नागेंद्र विजय अमित आदि मौजूद रहे।

## देश भक्तों व राम भक्तों के नाम से बना अयोध्या नगर निगम में 60 वार्ड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम के नए वार्ड में अभिराम दास, पुरुषोत्तम नगर, झलकारी बाई, दर्शन नगर, अवैद्यनाथ, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, चौधरी चरण सिंह, कौशलपुरी, शिवनगर, लाला लाजपत राय नगर, कृष्णा नगर, परमहंस रामचंद्र दास, आचार्य नरेंद्र देव , सावरकर नगर, कर्पूरी ठाकुर, दीनदयाल नगर, महाराणा प्रताप नगर, वशिष्ठ कुंड, सीताकुंड, संत रविदास, हनुमान कुंड, सरदार भगत सिंह, सरदार पटेल नगर, चित्रगुप्त नगर, अटल नगर, जनौरा, हनुमत नगर, अश्वनीपुरम, अशफाक उल्ला खा, दशरथ कुंड, देवकाली, कबीर नगर, साकेत नगर, निषादराज नगर, अम्बेडकर नगर, अवधपुरी, कल्याण सिंह, बड़ी देवकाली, अमानीगंज, महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया, विक्रमादित्य, शहीद अब्दुल हमीद, जयप्रकाश नरायण, रामकोट,पाटेश्वरी, झारखंडी, लक्ष्मी सागर, मंगल पांडेय, शिवाजी नगर, अशोक सिंघल, लक्ष्मण घाट, चंद्रशेखर, अग्रसेन नगर, मणिराम दास छावनी, सुभाष चंद्र बोस, नानकपुरा, झूलेलाल नगर व स्वामी विवेकानंद के नाम से बनाया गया है।

# सावन मेला को देखते हुए अयोध्या राम नगरी का सुरक्षा घेरा हुआ सख्त

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।राम नगरी अयोध्या का सुरक्षा घेरा और सख्त कर दिया गया है। और सीसीटीवी से अयोध्या के सभी मार्गों व मंदिरों पर निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम पर हमेशा तैनात सुरक्षा बल हर छोटी–बड़ी गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा



है बावजूद इसके कावड़ यात्रा को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है जिसके दृष्टिगत अयोध्या के आम जनमानस और श्रद्धालुओं में सुरक्षा की भावना जागृत कराने के लिए सीआरपीएफ के साथ पुलिस के अधिकारियों ने अयोध्या की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया है इतना ही नहीं अयोध्या में सावन मेले को लेकर के विशेष तैयारियां भी की गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक 2 साल कोरोना काल के बाद पढ़ रहे कावड़ यात्रा मेले को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस अयोध्या सीओ डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि सावन झूला मेला कावड़ यात्रा और सावन के पहले सोमवार के देखते हुए सीआरपीएफ के साथ फ्लैग मार्च किया।और लोगों में सुरक्षा की भावना जगाई गई।छोटे–छोटे सेक्टर में बांटकर अयोध्या की सुरक्षा किया जाएगा। बड़ी संख्या में बाहर से भी सुरक्षा बल मंगाए गए है। राम की नगरी में हर प्रमुख स्थल पर सुरक्षा बल तैनात होंगे। हर छोटे–बड़े वाहनों पर की जाएगी निगरानी।अयोध्या की संवेदनशीलता को देखते हुए मठ मंदिर और उनके महंतों को भी सुरक्षा दी गई हैं।

## स्वास्थ्य मेले में 1593 लोगों को दी गई स्वास्थ्य सेवाएं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आम जन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए रविवार को जनपद की 34 पीएचसी पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गईं। स्वास्थ्य मेले में 670 पुरूष मरीज,703 महिला मरीज व 220 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई। सीएमओ डा. अजय राजा ने बताया कि स्वास्थ्य मेंले में कुल 1593 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य मेलों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए अलग अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी स्थानों पर सुचारू रूप से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

# रजिस्ट्री सहित अन्य खामियों पर बिफरे प्रवर अधीक्षक पी के सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के प्रधान डाकघर में मण्डल के सैकड़ों पोस्टमास्टर एवं डाक सहायक को रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल को पोस्टमैन द्वारा प्रतिदिन वितरण करने के लिए प्रशिक्षण अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह की अध्यक्षता में ट्रेनर अतुल उपाध्याय ने दिया। इस मौके पर अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने पोस्टमैन द्वारा किए जा रहे रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल के प्रतिदिन वितरण नही किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया और पोस्टमास्टर को हिदायत दिया कि जो भी रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल जिस दिन आये उसी दिन किसी भी परिस्थिति में पोस्टमैन मोबाईल के द्वारा वितरण सुनिश्चित किया जाये । प्रशिक्षण के दौरान ही अन्य साफ्टवेयर की भी जानकारी पोस्टमास्टर को श्री उपाध्याय ने दिया साथ ही पोस्टमास्टर व डाक सहायक को मोबाईल एप से वितरण के गुर भी खुद ही सिखाया।इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता मौजूद रहे।

## वन विभाग एसटीएफ प्रभारी ने अवैध कटान के तहत लकड़ी लदी दो पिकअप पकड़ा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)वन विभाग के एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद द्वारा अवैध कटान को लेकर लगातार की जा रही छापेमारी और पकड़ धड़ के बाद अवैध कटान में संलिप्त वन कर्मियों एवं ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।इसी क्रम में रविवार को एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित दो गांव से बिना परमिट के अवैध कटान कर पिकअप से ले जाई जा रही प्रतिबंधित पेड़ आम की लकड़ी को पिकअप सहित रंगे हाथ पकड़ लिया है। लकड़ी लदी पिकअप को एसटीएफ प्रभारी ने कार्यवाही किए जाने हेतु कुमारगंज रेंज कार्यालय पहुंचा दिया है। एसटीएफ प्रभारी रविशंकर ने बताया कि इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित परसवा तथा हरिनाथ पुर गांव से काटकर हरे आम के वृक्ष की लकड़ी को दो पिकअप से ले जाया जा रहा था ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए लकड़ी लोड दोनों पिकअप को पकड़ लिया गया। जांच पड़ताल में पता चला कि अवैध कटान कराने वाले ठेकेदारों के नाम नंगू पांडे कुचेरा और मुकेश शुक्ला निवासी इनायत नगर हैं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।